हरियाणा में हर साल एक हज़ार युवाओं को दिया जाएगा साहसिक-खेल प्रशिक्षण

चर्चा में क्यों?

23 जनवरी, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटेर ने घोषणा की कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के 1,000 युवाओं को हर साल साहसिक खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि उन्हें रोज़गार मिल सके।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने यह घोषणा हरियाणा के खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा आयोजित 'मल्लिखा सहि एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब' के तहत 'युवा उद्यमी' नामक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में युवाओं को संबोधित करते हुए की।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटेर ने कहा कि इसके अलावा कालेसर, धोसी, अरावली और मेवात की पहाड़ियों में एडवेंचर-स्पोर्ट्स शुरू किए जाएंगे, जहाँ हर साल तीन से पाँच 'एडवेंचर-स्पोर्ट्स कैंप' आयोजित किये जाएंगे। उक्त शिविरों में प्रशिक्षण पर प्रतिवर्ष दो करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।
- उल्लेखनीय है कि ऐसे शिविर मोरनी, पंचकूला में आयोजित किये जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मोरनी क्षेत्र के 16 से 29 वर्ष के बीच के युवाओं को 'एडवेंचर-स्पोर्ट्स एंड होम-स्टे' से संबंधित उद्यमिता के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।
- मुख्यमंत्री ने युवाओं को 'नौकरी तलाशने वाले' के बजाय 'नौकरी देने वाले' बनने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा अंत्योदय रोज़गार मेलों का आयोजन करके गरीब से गरीब व्यक्ति के उत्थान का प्रयास किया जाएगा।
- राज्य गरीबों को ऋण की सुविधा और स्वरोज़गार के विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक कर रहा है, जिसमें पोल्ट्री फार्म, मछली पालन, पशुपालन आदि शुरू करना शामिल है ताकि उनकी आय को बढ़ाया जा सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/adventure-sports-training-will-be-given-to-one-thousand-youth-every-year-in-haryana